नगर निगम, शाहजहॉपुर।

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 09.12.2020

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा गोविन्दगंज,सदर बाजार, बाजार बहादुरगंज,घण्टाघर, सुनहरी मस्जिद मण्डी, चौक,बक्सरियॉ,चार खम्बा के मोहल्ले का किया गया निरीक्षण खराब सफाई पर लगाई गई फटकार।
- नगर निगम,शाहजहॉपुर द्वारा मो0 बिजलीपुरा स्थित मदरसा नूरूल हुदा में स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 के सम्बन्ध में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

1. आज दिनांक 09.12.2020 को सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षक के दौरान, नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओ0पी0 गौतम उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा गोविन्दगंज में कूड़ा कलैक्शन वैन का निरीक्षण किया गया। वार्ड सदर बाजार एंव बहादुरगंज मशीनरी मार्केट की नालियों में कूड़ा, सिल्ट, पालीथीन पड़ी हुई पायी गई, जिसके लिये सफाई एंव खाद्य निरीक्षक, श्री पवन कुमार एंव श्री हरिवंश दीक्षित को तलीझाड़ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। घंटाघर मशीनरी मार्केट रोड़ पर रोहित गैस एजेन्सी के पास कूड़ा पड़ा हुआ पाया गया, जिसके लिये सफाई एंव खाद्य निरीक्षक श्री हरिवंश दीक्षित को तत्काल कूड़ा उठवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। श्री राजू पुत्र जयन्ती कुमार द्वारा मंड़ी में ठेले पर सब्जी बेचे जाने के लिये पॉलीथीन का प्रयोग किया जा रहा थे, जिस पर रू0–500/– का जुर्माना किया गया एंव क्षेत्रीय सफाई एंव खाद्य निरीक्षक को समय–समय पर पालीथीन की छापेमारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। श्री जीवन लाल यादव और श्री मूलचन्द्र यादव द्वारा डेयरी का गोबर नालियों में बहाया जा रहा है, जिसके लिये नगर आयुक्त महोदय द्वारा सम्बन्धित पर जुर्माना किये जाने के लिये निर्देशित किया गया। चौक में बक्सरिया मो0 नवादा में मैम्बर के घर के पास सड़क पर कूड़ा पाया गया,सहायक सफाई नायक को कूड़ा उठवाने के लिये निर्देशित किया गया तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कूड़ा व गंदगी फैलाने पर जुर्माने की कार्यवाही की जाये। मोहल्ला बक्सरिया में श्री सुनील रस्तोगी, योग शिक्षक भारतीय संस्थान शाहजहाँपुर द्वारा अवगत कराया गया कि बिजली के तार जजर हो गये है जिससे आय दिन दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। कई जानवर इस कारण से हादसे के शिकार हो चुके, जिस हेतु सहायक अभियन्ता (वि/यॉ) को उचित कार्यवाही किय जाने हेतु निर्देशित किया गया। नालियाँ क्षतिग्रस्त एंव बजबजाती स्थियों में पायी गई, जिस हेतु क्षेत्रीय सफाई एंव खाद्य निरीक्षक को फटकार लगाई गई। इसके साथ ही क्षतिग्रस्त नालियो के मरम्मत हेतु अधिशासी अभियन्ता सिविल को आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

2. नगर निगम,शाहजहॉपुर द्वारा मो0 बिजलीपरा स्थित मदरसा नूरूल हुदा में स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 के सम्बन्ध में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित जनसमुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा नगर निगम,शाहजहॉपुर को स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 में पूर्व के वर्षो में हुये स्वच्छ सर्वेक्षण की तुलना में बेहतर स्थान दिलाने हेतु सभी का सहभागिता एवं सहयोग पर बल दिया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ बच्चो द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एवं मिशन शक्ति से सम्बन्धित नाटक का प्रस्तुतीकरण से किया गया। नगर आयुक्त महोदय ने कूड़ा निस्तारण से सम्बन्धित 5 R के सिद्धान्तो के बारे में समझाते हुये सभी से घरो से ही पृथक–पृथक कूड़ा देने तथा होम कम्पोस्टिंग करने की अपील की। उपस्थित लोगो से स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में पूछे जाने वाले प्रश्नो के सकारात्मक उत्तर देने की अपील की गई। नगर आयुक्त महोदय द्वारा स्वच्छता से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये जिसके सही उत्तर देने वाली छात्राओ को पुरस्कृत किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में नगर को नम्बर–01 बनाने के लिये अधिकतम सहभागिता पर जोर देते हुये लोगो को अपने आस–पास इस विषय में लोगो को जागरूक करने हेतु आग्रह किया गया। स्वच्छता के क्षेत्र में श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की गई तथा इस अभियान में अन्य जागरूक नागरिको से जुड़ने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती,नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओ0पी गौतम एवं स्वच्छता प्रभारी श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव,डी0पी0एम0 सैफ सिददीकी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल सिंह एवं अन्य गणमान्यलोग उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर